(b) Various aspects of food economy remain under constant review by Government and appropriate action is taken wherever and whenever called for.

मध्य प्रदेश में चीनी का उत्पादन

3144. **श्री अजीत जोगी** : क्या **खाद्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में चीनी के कारखानों में कुल कितनी मात्रा में चीनी का उत्पादन हुआ; और

(ख) पिछले तीन वर्षों से घाटे में चल रही चीनी के कारखानों की स्थिति में सुधार करने के लिए कितनी वित्तीय सहायता दी गई है ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्प नाथ राय) : (क) अपेक्षित सूचना निम्न प्रकार है :—

चीनी वर्ष (सितम्बर-अक्तूबर)	उत्पादन (लाख टन)
1989-90	0.72
1990-1991	1.03
1991-92 (अनंतिम)	1.28

(ख) सरकार चीनी फैक्टियों को होने वाले लाभ/घाटे का रिकार्ड नहीं रखती है । तथापि, सरकार चीनी फैक्ट्रियों को पुनर्स्थापन/आधुनिकीकरण के लिए आसान शर्तों पर ऋण सहायता उपलब्ध कराती है । गत तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में चीनी उपक्रमों को गन्ना विकास/आधुनिकीकरण/विस्तार के लिए चीनी विकास निधि से मंजूर की गई ऋण सहायता निम्न प्रकार है :—

वर्ष (अप्रैल–मार्च)	मंजूर की गई राशि (रु. लाख में)
1989-90	362.77
1990-91	435.00
1991-92	—

मध्य प्रदेश में पंजीकृत चीनी मिलें

3145. **श्री अजीत जोगी** : क्या **खाद्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में पंजीकृत चीनी मिलों की संख्या कितनी है; और

(ख) वर्ष 1991-92 के दौरान इनमें अलग-अलग क्वालिटी की चीनी का कितनी-कितनी मात्रा में उत्पादन हुआ ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्प नाथ राय) : (क) और (ख) मध्य प्रदेश राज्य में 8 संस्थापित चीनी मिलें हैं ।

1991-92 मौसम (अक्तूबर-सितम्बर) के दौरान इन चीनी फैक्टियों का गुणवत्तावार चीनी का उत्पादन निम्न प्रकार था :—

ग्रेड	उत्पादन (टन)
एल-30	280
एम-30	52,836
एम-29	72
एस-30	74,348
एस-29	676
मानक से नीचे	599
अनग्रेडिड	372
कुल	1,29,183

खाद्यान्नों की सप्लाई

3146. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** :
श्री अनन्त राम जायसवाल :
श्री दिग्विजय सिंह :
श्री राम नरेश यादव :
श्री रवीन्द्र कुमार यादव 'रवि' :

क्या **खाद्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से सप्लाई किए जाने वाले खाद्यान्नों के